प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल बजट सत्र के दौरान आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को किया संबोधित : कहा– सरकार की स्पष्ट नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश बन गया है ब्रेक थ्रू स्टेट।
2. भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 आज से नई दिल्ली में हुआ शुरू : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक एआई कार्य योजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है यह सम्मेलन।
3. सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं कल से होंगी शुरू : परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए किये गये पर्याप्त इंतजाम।

और

4. महोबा में इसरो के सहयोग से आज पहली ग्रामीण स्पेस लैब का हुआ उद्‌घाटन : छात्रों को मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां समझने का मौका।

————————

विधानमंडल के बजटसत्र के छठे दिन आज विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में प्रदेश

ने अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा की है। उन्हाने कहा कि आज सरकार की  स्पष्ट नीति और सुशासन की प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश ब्रेक थ्रू स्टेट बन गया है। बाइट.....

*डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नियत सुशासन की प्रति प्रतिबद्धता के कारण आज हम लोगों ने उत्तर प्रदेश को बॉटल नेक से देश की अर्थव्यवस्था का एक ब्रेक थ्रू बनाने में सफलता प्राप्त की है। अब उप रेवेन्यू डेफिसिट से रेवेन्यू सरप्लस और उपद्रव से उत्सव प्रदेश के रूप में अपनी यात्रा को लेकर के मजबूती के साथ आगे बढ़ा है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिटें संचालित हो रही हैं। इन यूनिटों में 3 करोड़ 11 लाख से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र ही प्रदेश में सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला सेक्टर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि 2017 से पहले प्रदेश में कृषि को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। वहीं आज अन्नदाता किसान विकास में भागीदार बने हैं। बाइट.....

*अन्नदाता को विकास में भागीदार बनाया गया और अन्नदाता से उद्यमी बननेकी कहानी आज उत्तर प्रदेश के अंदर देखी जा सकती है। जब हमारा अन्नदाता किसान एफपीओ के माध्यम से या जब गांव की एक महिला ड्रोन दीदी के रूप में अपनी एक पहचान बनाती है। अब किसान उत्पादक से उसे हमने फिर से उसकी पहचान उस रूप में प्रस्तुत की है।*

मुख्यमंत्री ने आज से दिल्ली में शुरू हुए एआई इनपैक्ट समिट का ज़िक्र करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई

समिट हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का फोकस इमर्जिंग टेक्नॉलॉजी पर है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश ट्रस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बन गया है।

इससे पहले विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री और नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश में एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर काम कर रही है। बाइट.....

*लगातार सुधार के लिए जहाँ हर स्तर पर प्रयास किए गए भारतीय जनतापार्टी डबल इंजन सरकार के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति इतनी जिम्मेदारी से काम करने का कार्य कर रही है। एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज बनाने के किसी जिले में जहाँ सरकार का मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहाँ निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज भी बनाने के काम हो रहे हैं। लेकिन एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर एक व्यवस्था को लेकर के हम आगे बढ़ रहे हैं जिससे हमें अधिक से अधिक डॉक्टर उत्तर प्रदेश के अंदर उपलब्ध हो पाए।*

वहीं विधान सभा में आज बजट पर चर्चा जारी रही। विधानसभा में भी आज विपक्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया। जवाब में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार जनता को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आज से शुरू हुआ यह सम्मेलन किसी ग्लोबल साउथ देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देशवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के लिए विश्वभर से लोग भारत आ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह अवसर देश के युवाओं की क्षमता को भी दर्शाता है। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन का विषय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' ह। मानव–केंद्रित प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई का उपयोग करने के प्रति देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्य योजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस पांच दिवसीय सम्मलन में फ्रांस, स्पेन, ब्राज़ील, नीदरलैंड्स के राष्ट्रपति समेत करीब बीस देशों के शीर्ष नेता शिरकत कर रहे हैं।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

देश भर में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं। जबकि माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की दसवी और बारहवीं की परीक्षाएं बुधवार 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसको लेकर सभी जनपदों में व्यापक तैयारियां की गई हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*कल से शुरू होने वाली सीबीएसई की कक्षा 10वी और 12वीं के एग्जाम एक ही शिफ्ट में होंगे, जो सुबह 10.30 बजे शुरू होंगे। दसवीं के एग्जाम 11 मार्च तक और बारहवीं के एग्जाम 10 अप्रैल तक चलेंगे। वहीं सीआईएससीई द्वारा आयोजित 2026 की आईसीएससी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं भी कल से शुरू होंगी, जो 30 मार्च तक चलेंगी। वहीं बारहवीं की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं जो 6 अप्रैल तक आयोजित होंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर प्रशासन स्तर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और अन्य तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

———————

छात्र छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने के लिए इसरो के विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम के तहत महोबा में करीब 40 स्पेस प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। इसी के अन्तर्गत आज इसरो अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम. देसाई ने कबरई ब्लॉक के रतौली गांव में पहली

ग्रामीण स्पेस लैब का उद्घाटन किया। इस लैब में छात्रों के लिए वर्किंग टेलिस्कोप, 3डी प्रिंटर, रोबोट, ड्रोन और इसरो के विभिन्न मिशन मॉडल्स उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री देसाई ने बच्चों से संवाद कर उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां समझाईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी लैब्स की स्थापना होने से छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान को लेकर जिज्ञासा बढ़ेगी और वे इस क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। बाइट...

*हम ये प्रयास कर रहे है की जगह जगह पर इस प्रकार के अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं खुले जिससे की बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी तो मिले ही सोचने की शक्ति और फेल्योर हैंडल करने की शक्ति और भी बड़े प्रश्न पूछने के लिए उत्सुक हो तो उनकी जिज्ञासा जागरूक हो और खासकर अंतरिक्ष विज्ञान में हमारा देश और भी प्रगति करे।*

———————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज वाराणसी में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि 10 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटि रहित हो। बाइट.....

*जब 6 जनवरी को हमने वोटर लिस्ट ड्राफ्ट प्रकाशित की थी तो 27 फरवरी तकसुनवाई नोटिस जारी करना, सुनवाई करना, उस पर निर्णय लेना 27 फरवरी तक होना था परन्त जब हमने 6 जनवरी से 6 मार्च दावा आपत्ति*

*बढाया एक महीना तो इसको भी एक महीना बढा दिया। अब ये 27 मार्च तक हमें नोटिसेस देना, सुनवाई करना और निर्णय लेना है और फिर हमारा 10 अप्रैल को पूरे उत्तर प्रदेश की एआईआर 2026 की फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी जो एक परमानेंट रिकॉर्ड रहेगा। जब कभी भी अगला एआईआर होगा तो इसका हम उपयोग करेंगे।*

———————————

लखनऊ मेट्रो ने आज से क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली लागू कर दी है। नईव्यवस्था के तहत यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट वेंडिंग मशीन या टिकट काउंटर के माध्यम से क्यूआर टिकट आसानी से बुक कर सकते है।

———————————

उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच लखनऊ में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आज दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 689 रन बना लिए है। कप्तान देवदत्त पडिक्कल के 232 रन, के एल राहुल के 141 और करुण नायर के 60 रनों के बदौलत कर्नाटक का स्कोर 500 रन के पार पहुंचा।

(समाप्त)